संपादकीय

रेरा मकान खरीदारों को राहत नहीं

सुप्रीम कोर्ट ने स्वागतयोग्य हस्तक्षेप किया है। न्यायमूर्तियों ने जो टिप्पणियां कीं, वे सबूत हैं कि रेरा मकान खरीदारों को तनिक भी राहत नहीं दिला पाया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के 'फिरौती वसूली' जा रही है।

पूर्व यूपीए सरकार के समय जब रियल एस्टेट विनियमन प्राधिकरण (रेरा) कानून पारित हुआ, तो उससे मकान खरीदारों में ऊंची उम्मीदें जगी थीं। कहा गया था कि अब आखिरकार ज्यादातर मध्य वर्ग के खरीदारों को बिल्डरों की तिकड़मों से मुक्ति मिलेगी।

मगर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में जो जाहिर हुआ और उस पर न्यायमूर्तियों ने जो टिप्पणियां कीं, वे सबूत हैं कि रेरा मकान खरीदारों को तनिक भी राहत नहीं दिला पाया है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) के 'लाचार मकान खरीदारों' से फिरौती वसूली जा रही है। कोर्ट ने जो सवाल पूछे हैं, उनमें एक यह भी है कि खरीदारों को रेरा से क्या राहत मिली है?

हालांकि कोर्ट में सुनवाई एनसीआर से जुड़े मामलों की हो रही थी, लेकिन अंदाजा लगाया जा सकता है कि जो हाल यहां है, बाकी जगहों के खरीदारों की स्थिति उससे बेहतर नहीं होगी।

इसलिए सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियों का संदर्भ बड़ा है। कोर्ट ने सीबीआई से कहा है कि वह बिल्डर- बैंक मिलीभगत की पूरी जांच करे। जजों ने इसके लिए विशेष जांच दल बनाने का आदेश दिया।

अदालत ने कहा कि बिल्डरों और खरीदारों को कर्ज देने वाले बैंकों ने मिल कर खरीदारों के लिए मुश्किलें खड़ी की हैं। इनकी वजह से आवासीय परियोजनाओं को पूरा करने में देर हुई है।

कोर्ट ने खास चिंता उन मामलों पर जताई, जिनमें रियल एस्टेट कंपनियों ने दिवालिया प्रक्रिया शुरू कर दी है।

मामला हजारों मकान खरीदारों की याचिका से कोर्ट के सामने आया है। इसमें ध्यान दिलाया गया है कि बैंक ऋण की रकम का भुगतान सीधे बिल्डरों को करते हैं।

तब बताया जाता है कि फ्लैट सौंपे जाने तक ईएमआई बिल्डर चुकाएंगे। मगर बिल्डर ईएमआई पर डिफॉल्ट करने लगते हैं और तब त्रिपक्षीय करार के मुताबिक बैंक खरीदारों से ईएमआई वसूलने लगते हैं। खरीदारों की पीड़ा पर दो जजों की बेंच ने गहरी नाराजगी जताई। कहा कि वे इस घपले की सीबीआई जांच का आदेश देंगे। यह स्वागतयोग्य हस्तक्षेप है। मगर इस मामले ने भारत में विनियमन और अनुचित व्यापार व्यवहार की निगरानी की हकीकत को बेनकाब कर दिया है।

भारतीय रेलवे में महिला कर्मचारियों की संख्या 1.1 लाख के हुई पार

नई दिल्ली

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, पिछले 10 वर्षों में भारतीय रेलवे में महिला कर्मचारियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। महिला कर्मचारियों की यह कुल संख्या 1.13 लाख को पार कर गई है, जो कुल वर्कफोर्स का 8.2 प्रतिशत है। यह संख्या 2014 में 6.6 प्रतिशत थी।

रेलवे नेटवर्क में प्रमुख परिचालन नौकरियों में महिलाएं बड़ी भूमिका निभा रही हैं। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, वर्तमान में 2,162 महिलाएं लोको पायलट के रूप में काम कर रही हैं, जबकि 794 महिलाओं ने ट्रेन मैनेजर (गार्ड) की भूमिका निभाई है। इसके अलावा, पूरे भारत में 1,699 महिला स्टेशन मास्टर तैनात हैं।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारतीय रेलवे में महिला लोको पायलट और स्टेशन मास्टर की संख्या में पांच गुना वृद्धि हुई है।

परिचालन भूमिकाओं के अलावा, महिलाएं प्रशासनिक और रखरखाव क्षेत्रों में भी महत्वपूर्ण प्रभाव डाल रही हैं। भारतीय रेलवे में 12,362 महिला कार्यालय कर्मचारी और 2,360 महिला पर्यवेक्षक हैं।

ट्रैक रखरखाव में, जो परंपरागत रूप से पुरुष प्रधान क्षेत्र रहा है, अब 7,756 महिलाएं ट्रेनों के सुरक्षित संचालन को सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही हैं।

महिलाएं यात्री सेवाओं में भी सक्रिय रूप से शामिल हैं, जिनमें से 4,446 टिकट चेकर के रूप में और 4,430 देश भर के रेलवे स्टेशनों पर 'पॉइंट्समैन' के रूप में काम कर रही हैं।

इसके अलावा, भारतीय रेलवे ने जेंडर इंक्लूसिविटी में विश्वास बढ़ाने के लिए सभी महिला टीमों के साथ कई रेलवे स्टेशनों का संचालन किया है। इनमें माटुंगा, न्यू अमरावती, अजनी और गांधीनगर रेलवे स्टेशन शामिल हैं।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि भारतीय रेलवे, जो दुनिया के सबसे बड़े नियोक्ताओं में से एक है, जिसके विशाल नेटवर्क पर 12.3 लाख से अधिक कर्मचारी काम करते हैं, महिलाओं को सशक्त बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने हाल ही में संसद में एक प्रश्न के उत्तर में कहा, निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले सभी उम्मीदवार भर्ती के लिए पात्र हैं।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, सरकार ने भारतीय रेलवे को वर्ल्ड-क्लास एंटिटी में बदलने को प्राथमिकता दी है, जो हर दिन औसतन 2.3 करोड़ भारतीयों को सस्ती कीमत पर देश के एक हिस्से से दूसरे हिस्से में पहुंचाती है और महिलाएं इस प्रयास में बढ़ती भूमिका निभा रही हैं।

भारत में कमर्शियल वाहनों की बिक्री में वित्त वर्ष 2025-26 में आएगी तेजी : रिपोर्ट

नई दिल्ली

भारत में कमर्शियल वाहन (सीवी) इंडस्ट्री की होलसेल वॉल्यूम में वित्त वर्ष 2025-26 में सालाना आधार पर 3-5 प्रतिशत की वृद्धि देखने को मिल सकती है, जो कि इस सेगमेंट में मजबूत रिकवरी को दिखाता है। यह जानकारी सोमवार को जारी हुई रिपोर्ट में दी गई।

आईसीआरए की रिपोर्ट में बताया गया कि वित्त वर्ष 25 में सीवी सेगमेंट में वॉल्यूम सपाट रहा है। इसकी वजह लोकसभा चुनावों के कारण मांग में धीमापन आना था।

इंडस्ट्री आउटलुक पर आईसीआरए की वरिष्ठ वाइस प्रेसिडेंट, किंजल शाह ने कहा, कि निर्माण और बुनियादी ढांचे की गतिविधियों में तेजी आना, स्थिर ग्रामीण मांग के साथ-साथ पुरानी हो चुकी फ्लीट के कारण अधिक प्रतिस्थापन बिक्री के चलते इंडस्ट्री वॉल्यूम में वित्त वर्ष 25 के अंत और फिर वित्त वर्ष 26 के दौरान बढ़त देखने को मिल सकती है।

आईसीआरए को उम्मीद है कि घरेलू सीवी उद्योग के लिए दीर्घकालिक विकास कारक बरकरार रहेंगे। हाल के बजटीय आवंटन में उच्च बुनियादी ढांचा पूंजी परिव्यय से बुनियादी ढांचे के विकास में निरंतर वृद्धि, खनन गतिविधियों में लगातार वृद्धि और सडक़ों/राजमार्ग कनेक्टिविटी में सुधार से भविष्य में वॉल्यूम को समर्थन मिलने की उम्मीद है। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि प्रतिस्थापन मांग भी अच्छी बनी रहेगी, जिसका मुख्य कारण मध्यम एवं भारी वाणिज्यिक वाहनों (एमएंडएचसीवी) का पुराना होना है और इसके लगभग 10 वर्ष पुराना होने का अनुमान है। इससे मध्यम अवधि में उद्योग के विस्तार में सहायता मिलने की उम्मीद है।

इन सभी कारणों के चलते एमएंडएचसीवी (ट्रक) की थोक वॉल्यूम वित्त वर्ष 26 में 3 प्रतिशत से अधिक बढ़ सकती हैं। वित्त वर्ष 25 में यह सपाट रहा या इसमें मामूली गिरावट देखने को मिली थी।

आईपीएल में 2 साल के लिए बैन हो सकते हैं हैरी ब्रूक, इस बार नहीं मिलेगी कोई छूट

नईदिल्ली

इंडियन प्रीमियर लीग 2025 का 22 मार्च से आगाज हो रहा है. इससे पहले दिल्ली कैपिटल्स को झटका लगा है. इंग्लैंड के स्टार खिलाड़ी हैरी ब्रूक ने आईपीएल 2025 से अपना नाम वापस ले लिया है. पिछले सीजन भी ब्रूक ने आईपीएल से अपना नाम वापस ले लिया था. हालांकि इस बार उनका ये फैसला उनपर भारी पड़ सकता है, क्योंकि अब आईपीएल के नए नियमों के मुताबकि उनपर 2 साल का आईपीएल खेलने से बैन लग सकता है. आईपीएल 2025 के मेगा ऑक्शन में दिल्ली कैपिटल्स ने हैरी ब्रूक को 6.25 करोड़ रुपये में खरीदा था, लेकिन अब उन्होंने आईपीएल 2025 नहीं खेलने का फैसला किया है. रिपोर्ट्स के मुताबिक अगर आयोजक आईपीएल नियम का पालन करते हैं तो ब्रूक को पर आईपीएल खेलने पर 2 साल के लिए बैन लग जाएगा. हैरी ब्रूक ने 9 मार्च को सोशल मीडिया के जरिए फैंस को ये जानकारी दी. उन्होंने दिल्ली कैपिटल्स की टीम और उनके फैंस से भी माफी मांगी.

एग्रीटेक स्टार्टअप फाल्का का घाटा वित्त वर्ष 24 में तीन गुना बढ़कर 15 करोड़ रुपये हुआ

नई दिल्ली

एग्रीटेक सप्लाई चैन स्टार्टअप फाल्का का नुकसान वित्त वर्ष 24 में तीन गुना बढक़र 15 करोड़ रुपये हो गया है, जो कि वित्त वर्ष 23 में 5 करोड़ रुपये था।

फाल्का के वित्तीय विवरण के अनुसार, कंपनी का नुकसान बढऩे की वजह खर्च में बढ़ोतरी होना है, जो कि वित्त वर्ष 24 के दौरान 30.2 प्रतिशत बढक़र 384 करोड़ रुपये हो गया है।

कंपनी का सबसे बड़ा खर्च सामग्री की खरीद है, जो कुल व्यय का 94 प्रतिशत है।

वित्त वर्ष 24 में कंपनी का सामग्री पर खर्च सालाना आधार पर 27 प्रतिशत बढक़र 362 करोड़ रुपये हो गया है। इसके अलावा कर्मचारी खर्च दोगुना होकर 10 करोड़ रुपये हो गया है।

वित्त वर्ष 24 में कंपनी की वित्तीय लागत 50 प्रतिशत बढक़र 3 करोड़ रुपये हो गई है। अन्य ऑपरेशनल लागत 9 करोड़ रुपये रही है।

वित्त वर्ष 24 में नुकसान के कारण कंपनी का एबिटा मार्जिन (-) 1 प्रतिशत से घटकर (-) 3.14 प्रतिशत हो गया है।

वित्त वर्ष 24 में फाल्का ने एक रुपये की आय अर्जित करने के लिए 1.04 रुपये खर्च किए हैं। इस दौरान कंपनी का कैश और बैंक बैंलेंस 50 प्रतिशत गिरकर 4 करोड़ रुपये रह गया है। कंपनी की मौजूदा एसेट्स गिरकर 24.5 करोड़ रुपये रह गई है, जो कि वित्त वर्ष 23 में 53.5 करोड़ रुपये थी।

वित्त वर्ष 24 में फाल्का की सकल आय 27.3 प्रतिशत बढक़र 368 करोड़ रुपये हो गई है, जो कि वित्त वर्ष 23 में 289 करोड़ रुपये थी।

पिछले पांच वर्षों में कंपनी ने मजबूत वृद्धि दिखाई है, इस कारण जीएमवी वित्त वर्ष 20 में 5.6 करोड़ रुपये से 65 गुना बढक़र वित्त वर्ष 25 में 368 करोड़ रुपये हो गया है।

रिपोर्ट्स के अनुसार, फाल्का ने अब तक लगभग 3 मिलियन डॉलर का फंड जुटाया है, जिसमें किंग्स्टन स्माइलर और इन्फ्लेक्शन पॉइंट वेंचर्स इसके प्रमुख निवेशक हैं।

चैंपियंस ट्रॉफी खिताब के बाद जडेजा ने जीता सर्वश्रेष्ठ फील्डिंग मेडल

दुबई, 10 मार्च। अनुभवी स्पिन ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद फील्डर ऑफ द मैच का मेडल जीता है।

अपने गेंदबाजी स्पैल में जडेजा ने 10 ओवर में सिर्फ 30 रन दिए और टॉम लैथम का महत्वपूर्ण विकेट लिया, जिससे भारत ने न्यूजीलैंड को 50 ओवर में 251/7 पर रोक दिया। बाद में, कप्तान रोहित शर्मा ने 76 रन बनाए और केएल राहुल ने शांत रहते हुए नाबाद 34 रन बनाए और रविवार को यहां न्यूजीलैंड पर चार विकेट से जीत के साथ मैन इन ब्लू को अपनी तीसरी चैंपियंस ट्रॉफी जीत दिलाई।

जीत के बाद, फील्डिंग कोच टी दिलीप ने पूरे टूर्नामेंट में भारत के फील्डिंग प्रयासों की सराहना की और जडेजा को फील्डिंग मेडल का विजेता बताया।

भारत ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार फील्डिंग का प्रदर्शन किया, लेकिन फाइनल में वे मैदान पर अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन से बहुत दूर थे। मैन इन ब्लू ने चार मौके गंवाए; शमी ने एक कैच को फिंगरटिप किया, फिर श्रेयस अय्यर ने रचिन रवींद्र को आउट करने का मौका गंवा दिया, रोहित ने मिडविकेट पर एक वन-हैंडर छोड़ दिया, और गिल ने 38वें ओवर में एक कैच टपका दिया।

कोई भी प्रयास कभी छोटा नहीं होता। मैदान पर हर एक प्रतिबद्धता एक साझा लक्ष्य को बढ़ावा दे रही थी और वह लक्ष्य हमारे सामने है; हम चैंपियन हैं। फील्डिंग एक ही सिक्के के दो पहलू हैं; एक तरफ हम हमेशा तीव्रता, आक्रामकता, रवैये और सजगता के बारे में बात करते हैं।दूसरी तरफ, हम हमेशा एक-दूसरे के बीच सौहार्द, विश्वास और भाईचारे के बारे में बात करते हैं।

दिलीप ने कहा, पूरे टूर्नामेंट में हमने भाईचारे के साथ-साथ अपनी दृढ़ता का परिचय दिया है। दुबई में मिली जीत ने भारत को चैंपियंस ट्रॉफी के इतिहास की सबसे सफल टीम बना दिया है और उन्होंने यह उपलब्धि भारतीय प्रशंसकों से भरे स्टेडियम के सामने हासिल की। यह 12 वर्षों में आईसीसी वनडे इवेंट में भारत का पहला खिताब है। यह खिताब भारतीय टीम और उसके उत्साही प्रशंसकों के लिए एक राहत की तरह होगा, क्योंकि वे घरेलू धरती पर 2023 वनडे विश्व कप जीतने से चूक गए थे।

मैं इस प्रारूप से संन्यास लेने नहीं जा रहा हूं : रोहित शर्मा

दुबई

पिछले करीब एक साल में रोहित शर्मा ने काफी उतार-चढ़ाव देखा। उन्होंने पिछले साल जून में भारत को टी-20 विश्व कप चैंपियन बनाया था, लेकिन इसके बाद टेस्ट क्रिकेट में उनका प्रदर्शन काफी खराब रहा। लगातार बल्लेबाजी और कप्तानी दोनों में फेल होने के कारण उन्हें आलोचकों ने निशाने पर लिया और उन्हें टीम से हटाए जाने तक की मांग होने लगी।

अब 9 मार्च, 2025 की तारीख को रोहित ने पूरे भारत को ऐसी खुशी दी है जिसके बाद उनकी आलोचना करने वालों में तगड़ी कमी देखने को मिलेगी। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब जीतकर रोहित ने लिमिटेड ओवर्स क्रिकेट में अपनी शानदार कप्तानी को जारी रखा है। रोहित ने फाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ भारत को आतिशी शुरुआत दिलाई और अपनी अर्धशतकीय पारी से शुरुआत में ही उन्हें मैच से बाहर कर दिया था।

इस मैच से पहले अटकलों का बाजार काफी गर्म था कि रोहित वनडे से अपने संन्यास का भी ऐलान कर सकते हैं, हालांकि मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान उन्होंने तमाम अटकलों पर विराम लगा दिया।

रोहित ने कहा, मैं इस प्रारूप से संन्यास लेने नहीं जा रहा हूं। मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं ताकि आगे कोई अफवाह नहीं फैलाई जाए। देखते हैं अभी कोई फ्यूचर प्लान नहीं है, जो हो रहा है चलता रहेगा।

प्लेयर ऑफ द मैच बनने पर रोहित ने कहा, इस ट्रॉफी को जीतना बहुत अच्छा अहसास है। पूरे टूर्नामेंट में हमने शानदार क्रिकेट खेला और अंत में अपनी मेहनत का फल इस तरह मिलना वाकई खास है। जिस तरह से हमने इस मैच में खेला, उससे मैं बेहद खुश हूं। यह (खेलने का यह तरीका) मेरे लिए स्वाभाविक नहीं है, लेकिन यह कुछ ऐसा था जिसे मैं सच में आजमाना चाहता था। जब आप कुछ नया करने की कोशिश करते हैं, तो टीम का समर्थन बहुत जरूरी होता है, और टीम मेरे साथ थी--2023 वर्ल्ड कप में राहुल भाई और अब गौती भाई (गौतम गंभीर) का पूरा समर्थन मिला।

छावा ने 23वें दिन लगाई बड़ी छलांग, बनी 2025 में 500 करोड़ी करने वाली पहली फिल्म

विक्की कौशल की फिल्म छावा पिछले काफी समय से चर्चा में है। यह फिल्म रिलीज के पहले ही दिन ये कमाल कर रही है और अब इसने 23वें दिन भी टिकट खिडक़ी पर कमाल किर दिया है।

छावा की कमाई भारत में 500 करोड़ रुपये के बार हो चुकी है और इस जादुई आंकड़ा छूने वाली ये इस साल की पहली फिल्म बन गई है।

आइए जानते हैं फिल्म अब तक देश में कुल कितनी कमाई कर चुकी है।

सैकनिल्क के मुताबिक, 8.75 करोड़ रुपये के कारोबार के साथ चौथे हफ्ते की शुरुआत करने के बाद छावा ने चौथे शनिवार को जबरदस्त कारोबार किया है। फिल्म ने 16.5 करोड़ रुपये कमा लिए हैं।

इसी के साथ भारत में फिल्म की कुल कमाई 508.8 करोड़ हो गई है। छावा 500 करोड़ी क्लब में शामिल होने वाली 2025 की पहली फिल्म बन गई है।

फिल्म ने 22वें दिन 8.75 करोड़ रुपये कमाए थे। 23वें दिन इसकी कमाई में जबरदस्त उछाल आया।

फिल्म को मिल रही इस जबरदस्त प्रतिक्रिया पर विक्की ने सोशल मीडिया पर लिखा, आपके अपार प्यार के लिए धन्यवाद।

फिल्म को महाराष्ट्र में सबसे ज्यादा समर्थन मिला है, जहां इसने पुष्पा 2 जैसी फिल्मों के बनाए गए पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है।

छावा अब विक्की की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। इससे पहले तक उनके करियर की सबसे कमाऊ फिल्म 244.14 करोड़ रुपये की कमाई के साथ उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक थी।

सिनेमा का जादूगर, आमिर खान का 60वें बर्थडे से पहले फैंस को बड़ा तोहफा, थिएटर्स में लगेगा फिल्मों का मेला

बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान आगामी 14 मार्च को 60 वां जन्मदिन मनाने जा रहे हैं. ऐसे में आमिर खान ने अपने जन्मदिन को फैंस संग मनाने के लिए खास इंतजाम किया है. पीवीआर आईनॉक्स ने आमिर खान के 60वें जन्मदिन के खास मौके पर आमिर खान: सिनेमा का जादूगर नाम से एक स्पेशल फिल्म फेस्टिवल का एलान किया है. आमिर खान, जो अपनी दमदार परफॉर्मेंस और अलग तरह की फिल्मों के लिए जाने जाते हैं, उन्होंने भारतीय सिनेमा को एक नई ऊंचाई दी है. उनकी फिल्मों ने न सिर्फ बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाया है, बल्कि समाज को भी गहराई से प्रभावित भी किया है. इसी योगदान को सेलिब्रेट करने के लिए ये खास फेस्टिवल रखा गया है, जिसमें उनके बेहतरीन सिनेमाई सफर को बड़े पर्दे पर फिर से देखने का मौका मिलेगा.

कन्नप्पा से काजल अग्रवाल की पहली झलक आई सामने, माता पार्वती के रूप में दिखीं अभिनेत्री

काजल अग्रवाल की अपकमिंग तेलुगू पौराणिक ड्रामा 'कन्नप्पा' से उनका फर्स्ट लुक पोस्टर आउट हो चुका है। अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर पोस्टर को शेयर करते हुए उसे अपना ड्रीम रोल बताया। पोस्टर में काजल मां पार्वती के किरदार में नजर आईं।

'कनप्पा' के निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर फिल्म से उनका पहला लुक जारी किया और अभिनेत्री ने भी अपने प्रशंसकों को इस लुक से रूबरू कराया।

पोस्टर को इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए काजल अग्रवाल ने लिखा, वाकई एक ड्रीम रोल! 2025 की शुरुआत करने की खुशी है कन्नप्पा, हर हर महादेव। माता पार्वती।

काजल अग्रवाल की पोस्ट पर अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने कमेंट करते हुए लिखा, बहुत खूबसूरत।

वहीं, पोस्टर में अभिनेत्री देवी पार्वती के रूप में खूबसूरत लग रही हैं। पोस्टर में अभिनेत्री ने सुनहरे बॉर्डर वाली सफेद साड़ी पहनी है। उनके लुक को सुनहरे नेकपीस के साथ मैचिंग इयररिंग्स, चूडिय़ों और मांग-टीका के साथ पूरा किया गया है। उनके बाल खुले रखे गए और उनमें गुलाबी रंग का फूल लगा हुआ है।

'कन्नप्पा' के निर्देशक मुकेश कुमार सिंह हैं और निर्माण मोहन बाबू ने 24 फ्रेम्स फैक्ट्री के सहयोग से अपने बैनर एवीए एंटरटेनमेंट के तहत किया है।

फिल्म में काजल अग्रवाल के साथ विष्णु मांचू मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे, जबकि मोहन बाबू, आर. सरथकुमार, अर्पित रांका, कौशल मंडा, राहुल माधव, देवराज, मुकेश ऋषि, ब्रह्मानंदम, रघु बाबू, प्रीति मुखुंधन, मधु, मोहनलाल, प्रभास और अक्षय कुमार भी महत्वपूर्ण भूमिका में दिखेंगे। फिल्म में अक्षय कुमार कैमियो किरदार में नजर आएंगे। 'कन्नप्पा' अक्षय कुमार की पहली तेलुगू फिल्म है।

शब्द सामर्थ्य- 351

बाएं से दाएं

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

ऊपर से नीचे

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 350 का हल

स्मृ	ति		पा	व	क		बे	ल
	र	ज	नी	च	र			ट्टू
मु	स्का	न		न	म	की	न	
सा	र		स			ट	ख	ना
फि		अ	जा	य	ब		रा	जा
र	च	ना		था	ल			य
		धि		र्थ		स	मा	ज
उ	प	कृ	त		आ	वा	ज	
ल्लू		त			ब	ल	रा	म

सू-दोकू- 351

	8				1		5	
6			8			2		3
	3				2		1	
		3		9		5		4
5			3				9	
		4		2				6
4			2		3		6	
		6				8		7
	2	9	7		6			

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र 350 का हल

5	3	9	7	4	8	6	2	1
2	1	6	5	9	3	4	7	6
4	7	8	1	6	2	3	5	9
3	6	1	8	5	9	2	4	7
8	5	2	3	7	4	1	9	6
7	9	4	2	1	6	8	3	5
6	4	7	9	2	1	5	6	3
1	8	5	4	3	7	9	6	2
9	2	3	6	8	5	7	1	4

आज का राशिफल

मेष: आज आपका दिन परिवार वालों के साथ बीतेगा। आज आपको जरूरतमंद लोगों की मदद करने का मौका मिलेगा। कार्यों में आ रही समस्याएं आज समाप्त हो जाएंगी। आज गुस्से में किसी से बात करने से आपको बचना चाहिए।

वृष: आज ऑफिस में एक्सट्रा वर्क करने से रुका हुआ काम पूरा हो जाएगा। आज किसी तरह के विवाद में पडऩे से आपको बचना चाहिए। आज आप किसी तरह के विचारों में खोये रहेंगे, बेहतर होगा बेवजह ना सोचे।

मिथुन: आज खास खबर मिलने के योग हैं। लॉ स्टूडेंट्स अपनी पढ़ाई-लिखाई में थोड़ा बदलाव करने की सोच सकते हैं, जो कि उनके भविष्य के लिए फायदेमंद साबित होगा। आज आपको अपने खान-पान में थोड़ी सावधानी रखने की जरूरत है।

कर्क: आज नए कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी, जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आपका आर्थिक पक्ष पहले की अपेक्षा और भी अधिक मजबूत होगा। बच्चों के साथ आप कहीं घूमने की प्लानिंग करेंगे।

सिंह: आज आपकी कंपनी को किसी बड़ी कंपनी से डील करने का ऑफर मिलेगा। संगीत से जुड़े लोग किसी कॉन्सर्ट में हिस्सा लेंगे। घर पर अचानक किसी मेहमान के आने की संभावना है।

कन्या: आज आपकी सारी इच्छाओं की पूर्ति होगी। व्यापार के सिलसिले में आज आपको दूसरे शहर की यात्रा करनी पड़ सकती है। संतान पक्ष से सुख की अनुभूति होगी, जिससे आपकी खुशियाँ बढ़ेंगी।

तुला: आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। आज आपका बैंक बैलेंस मजबूत बनेगा। घर पर किसी दोस्त की पार्टी का इनविटेशन आ सकता है। ऑफिस में आपके काम को लेकर बॉस आपकी तारीफ करेंगे।

वृश्चिक: आज का दिन आपके लिए तरक्की दिलाने वाला साबित होगा। आज आप धार्मिक कार्यों में रुचि लेंगे। आज सोशल साइट के जरिये नए लोगों से आपका संपर्क होगा। किसी काम के लिए योजना बनाने और फैसले लेने के लिए दिन शुभ है।

धनु: आज पारिवारिक जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निभायेंगे। हर किसी से निजी समस्याओं को शेयर करने से आपको बचना चाहिए। इस राशि की महिलाओं को शाम को बाहर निकलते समय अपने पर्स का खास ध्यान रखना चाहिए।

मकर: आज किसी प्रभावशाली व्यक्ति से आपकी मुलाकात होगी। अगर आप किसी को पसंद करते हैं और उससे अपनी दिल की बात कहना चाहते हैं, तो आज का दिन फेवरेबल है। आपको सफलता जरूर मिलेगी।

कुंभ: आज व्यापार के मामले में आपके मन में नए-नए विचार आएंगे। किसी काम में बड़े भाई की सलाह फायदेमंद साबित होगी। आज परिवार में सब कुछ अच्छा बना रहेगा। आज कुछ खास लोगों से मिलना और बातें करना आपके लिए फायदेमंद साबित होगा।

मीन: आज आपको परिवार वालों का पूर्ण स्नेह और सहयोग प्राप्त होगा। आपके कुछ मित्र बहुत ही मददगार साबित होंगे। आज ऑफिस में आपके ड्रेस की तारीफ होगी, जिससे आप काफी प्रसन्न होंगे। ऑफिस में काम कर रहे किसी सहयोगी से आपकी अच्छी जान पहचान होगी।